कौशल विकास कार्यशाला

दिनांक 13/08/2019 को विद्यालय के सभागार में मध्याहन् पूर्व पश्चिम रेलवे मुख्यालय चर्चगेट के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास योजना पर आधारित की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभांरभ प्राचार्य श्री सुनील कुमार शर्मा ने मॉ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। छात्रों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के शिक्षक श्री ओ0पी0 धाकड ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी विस्तार से दी तत्पश्चात श्री एम0पी0 वर्मा, श्री शैलेष परमार, श्री उमेश शर्मा, श्री आर0एस0 शक्तावत, श्री अनिल चौहान, श्री आशुतोष शर्मा एवं श्री राजेश शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने जीवन में कौशल की उपयोगिता तथा उनके जुडे व्यवसायों की जानकारी प्रदान की और यह भी बताया कि कौशल विकास योजना बहुत महत्वकांक्षी योजना है जो भारत में बेराजगारी जैसी समस्या को समाप्त करने अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

स्टार्टअप के लिए किन–किन बैंकों से त्रृण की सुविधा सुलभ है ताकि भारतीय प्रतिभाऍ देश के विकास में अपना योगदान कर सकें। कार्यशाला के अंतिम चरण में कौशल विकास प्रशिक्षणों के लिए छात्र–छात्राओं ने बडे उत्साह से अपनी जिज्ञासाऍ प्रकट की तथा प्रशिक्षण हेतु अपना नाम लिखवाया।

प्राचार्य ने उद्बोधन में छात्रों से कौशल विकास योजनाओं से जुडने का आह्वान किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु वरि0 मंडल कार्मिक अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा आभार प्रकट किया।